CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 291 ▫ रायपुर, शुक्रवार 15 नवम्बर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## बच्चों के विविध मनोरंजन सामग्री से सजा हे मेला

### हजारों की संख्या में लोगों ने किया सुबह पुण्य स्नान





**रायपुर,** 15 नवम्बर (हाईवे चैनल)। अपनी परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर महादेवघाट में मेला लगा हुआ है। मेले में आसपास से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे हुए हैं जहां विविध प्रकार के मनोरंजन की सामग्री देख बच्चे बेहद आनंदित हो रहे हैं वहीं लोग आज सुबह से ही महादेवघाट में स्नान करने के लिए जुट गए थे। स्नान उपरांत मंदिरों में भगवान शिव के दर्शन के लिए टूट पड़े हैं। अन्य मंदिरों में भी जबरदस्त भीड़ देखने को मिल रही है जहां भक्तिभाव से लोग पूजा-अर्चना कर रहे हैं। इस साल कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गन्ने का बाजार भी बहुत बड़ी संख्या में है। जहां इस बार गन्ने की अच्छी खरीदी हो रही है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर राजधानी रायपुर के पवित्र खारून नदी के तट महादेव घाट पहुंचकर हाटकेश्वर महादेव और मां काली के दर्शन किए। उन्होंने श्री हाटकेश्वर महादेव और मां काली की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के खुशहाली की कामना की।



पुन्नी मेला में मुख्यमंत्री शामिल हुए

मुख्यमंत्री श्री साय ने पवित्र महादेव घाट में कार्तिक स्नान के लिए जुटे श्रद्धालुओं का अभिवादन कर सभी को कार्तिक पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव और विधायक मोतीलाल साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। वही आज बड़ी संख्या में लोग पुन्नी स्नान करने के लिए महादेव घाट पहुंचे हुए थे घाट पर हजारों की संख्या में लोगों ने पूजा अर्चना कर स्नान किया.

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर महादेव घाट में आयोजित होने वाला पुन्नी मेला बहुत लोकप्रिय है। दूर-दूर से लोग इसमें बड़ी श्रद्धा के साथ हिस्सा लेने आते हैं। श्री साय ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक, धार्मिक परंपराएं न केवल हमारी आस्था को मजबूत करती हैं अपितु हमारे जीवन में उल्लास भी भरती हैं।

## 3 नर कंकाल मिलने से हड़कंप



फॉरेंसिक एक्सपर्ट के साथ मौके पर पहुंची पुलिस

**बलरामपुर,** 15 नवम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत दहेजवार पंचायत के बंद पड़े फ्लाई ईट भट्टे के पास तीन नर कंकाल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है. घटनास्थल के आसपास करीब 500 मीटर के दायरे में हड्डियों के टुकड़े बिखरे हुए मिले हैं. फिलहाल पुलिस स्थिति की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल को चारों ओर से घेराबंदी कर मामले की जांच में जुट गई है. शुरुआत में पुलिस यह आशंका जताई जा रही है कि जानवरों द्वारा हड्डियों को इधर-उधर फैलाया गया हो, लेकिन कंकाल की स्थिति को देखकर यह मामला और गंभीर प्रतीत हो रहा है. इस मामले की जांच के लिए पुलिस ने फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की मदद ली है. मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र पांडे (ऑपरेशन )ने बताया कि नर कंकाल मिलने की पुष्टि हुई है.घटनास्थल पर पुलिस बल पहुंच गई है.डॉक्टर व फॉरेंसिक टीम की मदद ली जा रही है और नर कंकाल कितने दिन पुराने हैं और किसके हैं यह कहना अभी मुश्किल है.जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा की किसके नर कंकाल है. पुलिस की कार्रवाई जारी है और इस संदिग्ध मामले को लेकर क्षेत्रीय लोगों में खलबली मची हुई है.

## नवंबर के आखिरी हफ्ते में साय मंत्रिमंडल का विस्तार संभव

**रायपुर,** 15 नवम्बर (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की कैबिनेट का विस्तार उप चुनाव के परिणाम के बाद लगभग तय हो गया है। साय कैबिनेट में अभी दो मंत्री बनाए जाएंगे। विधायकों में से एक नए और एक पुराने चेहरे को मंत्री बनाने की रणनीति बनी है। 11 महीने में साय कैबिनेट के विस्तार नहीं होने की मुख्य वजह शीर्ष नेताओं में आपसी सहमति नहीं बन पाना माना जा रहा है। साय की कैबिनेट में नए मंत्री के दावेदार विधायकों में राजेश मूणत, अमर अग्रवाल, अजय चंद्राकर, भावना बोहरा और गजेंद्र यादव हैं। रायपुर-दक्षिण के विधायक व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के रायपुर सांसद बनने के बाद से साय कैबिनेट में दो मंत्री के पद खाली हैं। बृजमोहन के इस्तीफे के बाद से स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की जिम्मेदारी भी मुख्यमंत्री संभाल रहे हैं। ऐसे में अब मंत्रिमंडल के विस्तार के संकेत हैं। विभिन्न विभागों की मानिटरिंग के लिए अलग से मंत्री होना जरूरी है। बतादें कि 23 नवंबर को रायपुर-दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के परिणाम आएंगे।

## ब्रेकिंग न्यूज

### बिहार में फिर जहरीली शराब कांड, सीवान में 3 लोगों की मौत

**नई दिल्ली,** 15 नवम्बर (न्यूज चैनल)। सीवान में फिर से जहरीली शराब से लोगों की मौत हुई है। शुक्रवार सुबह तक तीन लोगों की मौत की बात सामने आई है। लोगों का कहना है कि तीनों ने शराब पार्टी की थी। तबीयत बिगड़ने के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। लेकिन, डॉक्टर इनकी जान नहीं बचा पाए। तीन तीन मौत के बाद फिर से हड़कंप मच गया। मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है। अस्पताल में कुछ लोगों का इलाज चल रहा है। घटना लकड़ी नबीगंज में हुई है। इस मामले में थानेदार अजीत कुमार सिंह ने बताया कि तीन लोगों की मौत की सूचना मिली है। मौत का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सारी बात स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस टीम मामले की गंभीरता से जांच कर रहे। मरने वाले में एक की पहचान अमरजीत यादव के रूप में हुई। उनकी पड़ोसी सोनी कुमारी ने बताया कि अमरजीत यादव गुरुवार रात में शराब पीकर आये थे।




**चूहा- सुनती हो, 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे को लेकर योगी और अजीत पवार के बीच युद्ध चल रहा है।**

**चुहिया- हां जी, गठबंधन में तो कई गांठ होते हैं...!**

## मंत्री के अकाउंटेंट से 2.08 करोड़ की ठगी

**नई दिल्ली,** 15 नवम्बर (न्यूज चैनल)। दरअसल, सबसे पहले ठग ने व्हाट्सएप पर नंदी के बेटे की तस्वीर संदेश भेजा था। और लिखा था कि मैं जरूरी बिजनेस मीटिंग में हूं। यह मेरा नया नंबर है, तुरंत पैसे भेजो। अकाउंटेंट ने तुरंत बताए तीन खातों में पैसे भेज दिए। भेद खुलने पर सनसनी मची। साइबर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। ठगी की यह वारदात बुधवार को हुई। मंत्री नंदी के अकाउंटेंट रितेश श्रीवास्तव के मोबाइल फोन पर अनजान नंबर से मैसेज आया। डीपी नंदी के बेटे की लगी हुई थी।

## योगी के 'बटेंगे तो कटेंगे' नारे पर अजित पवार ने जताई असहमति, कहा- यह उत्तर प्रदेश नहीं है

**नई दिल्ली,** 15 नवम्बर (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ''बटेंगे तो कटेंगे' नारे के जोर पकड़ने के बीच उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अजित पवार ने कहा कि वह इस नारे का समर्थन नहीं करते और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 'एक है तो सुरक्षित है' नारे का समर्थन किया। विपक्षी नेताओं ने इस नारे की व्यापक रूप से निंदा की है तथा इसमें सांप्रदायिक भावना होने का दावा किया है।





अजित पवार ने कहा, मैंने एक सार्वजनिक रैली और मीडिया साक्षात्कारों में इस पर (बटेंगे तो कटेंगे) अपनी असहमति व्यक्त की है। कुछ भाजपा नेताओं ने भी यही व्यक्त किया है। %सबका साथ, सबका विकास% का मतलब है सबके साथ, सबका विकास... अब, एक हैं तो सुरक्षित हैं... मैं इसे इस नजरिए से देखता हूं। नारे पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा, %%हमने तुरंत कहा कि यह उत्तर प्रदेश नहीं है, यह हमारे महाराष्ट्र में नहीं बल्कि उत्तर में चल रहा होगा।

इससे पहले एएनआई के साथ एक साक्षात्कार में भाजपा नेता फडणवीस, जो महायुति के बैनर तले अजीत पवार की एनसीपी के साथ गठबंधन में हैं, ने कहा कि नारे में कुछ भी गलत नही है।फडणवीस ने कहा, मुझे योगी जी के नारों में कुछ भी गलत नहीं लगता। इस देश का इतिहास देखिए। जब जब बात होती है, तब गुलाम बनते हैं। जब भी यह देश जातियों में, राज्यों में, समुदायों में बंटा, हम गुलाम हुए। देश भी बंटा और लोग भी। इसलिए अगर हम बंटेंगे तो कट जाएंगे। यह इस देश का इतिहास है। उन्होंने कहा, और मुझे समझ में नहीं आता कि अगर कोई कहता है कि बांटो मत, तो इस पर आपत्ति करने का क्या मतलब है?

## नाबालिग पत्नी के साथ सहमति से बनाया गया यौन संबंध बलात्कार है



हाईकोर्ट ने व्यक्ति की 10 साल की सजा बरकरार रखी

**नई दिल्ली,** 15 नवम्बर (न्यूज चैनल)। बॉम्बे हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है कि नाबालिग पत्नी के साथ सहमति से बनाया गया यौन संबंध बलात्कार है और इस तरह के कृत्य के लिए कानूनी बचाव कानून के तहत स्वीकार नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने एक व्यक्ति को 10 साल की सजा बरकरार रखते हुए यह टिप्पणी की, जिसके खिलाफ उसकी पत्नी ने बलात्कार की शिकायत दर्ज कराई थी।

सहमति की उम्र 18 वर्ष से अधिक होने को निर्दिष्ट करते हुए, न्यायमूर्ति जीए सनप की पीठ ने कहा, यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की के साथ यौन संबंध बलात्कार है, चाहे वह विवाहित हो या नहीं। हाई कोर्ट ने जोर देकर कहा, पत्नी के साथ सहमति से यौन संबंध बनाने का बचाव तब उपलब्ध नहीं होता जब पत्नी या लड़की, जिसे कथित तौर पर पत्नी कहा जाता है, की उम्र 18 वर्ष से कम हो। पीठ ने निचली अदालत द्वारा आरोपी को दी गई सजा और 10 साल के कठोर कारावास की सजा को बरकरार रखा। मामले के विवरण के अनुसार, व्यक्ति ने शिकायतकर्ता के साथ जबरन यौन संबंध बनाए, जिसके परिणामस्वरूप वह गर्भवती हो गई। बाद में उसने उससे शादी कर ली। हालांकि, उनके वैवाहिक संबंध खराब हो गए, जिससे महिला ने उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

हाई कोर्ट ने कहा, भले ही यह तर्क के लिए मान लिया जाए कि उनके बीच तथाकथित विवाह था, पीड़िता द्वारा लगाए गए आरोपों के मद्देनजर कि यह उसकी सहमति के बिना यौन संबंध था, यह बलात्कार माना जाएगा। आरोपी पीड़िता का पड़ोसी था, जब वह महाराष्ट्र के वर्धा में रहती थी, जहाँ वह अपने पिता, बहनों और दादी के साथ रहती थी।






CMYK